24ULYT. -JANJ PG-01_Layout 1 7/24/2026 10:05 PM Page 1


हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 25 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री

3



मौसी के घर से अपने धाम पहुंचे भगवान जगन्नाथ

## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए काउंसलिंग 5 अगस्त तक

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए काउंसलिंग का आयोजन 5 अगस्त तक किया जाएगा। परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत काउंसलिंग के लिए पात्र छात्र-छात्राओं की सूची एवं काउंसलिंग की तिथि विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गई है। काउंसलिंग प्रक्रिया प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक काउंसलिंग सूची में दर्शाए गए संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालयों में आयोजित होगी।

### बोलेरो किराया में लेकर गाड़ी वापस नहीं करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मालखरौदा।** बोलेरो वाहन किराया में लेकर पैसा नहीं देने एवं गाड़ी वापस नहीं करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पोता है। प्रार्थी पोता निवासी तरुण कुमार कर्मवीर पिता धर्मपाल ने 16 मई को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके नाम से एक बोलेरो क्र. सीजी 11 बीके 3590 को 35 हजार रुपए प्रतिमाह की दर से 11 महीने के लिए जांजगीर निवासी योगेश चंद्रा को दी थी। एडवांस में 40 हजार रुपये एडवांस देकर 1 जनवरी को बोलेरो वाहन लेकर गया था। आरोपी युवराज सिंह टांडिया के द्वारा ना गाड़ी का किराया दिया और न ही गाड़ी वापस कर रहा था जिससे प्रार्थी परेशान होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को 23 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### सख्त चेतावनी के बाद जिले में मकान मालिक पर हुई पहली कार्रवाई

# गैर प्रांतीय लोगों को किराया देकर पुलिस को नहीं दी जानकारी, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में अब किरायेदारों की जानकारी पुलिस से छिपाना मकान मालिकों को महंगा पड़ सकता है। किरायेदार सत्यापन अभियान के तहत बम्हनीडीह थाना क्षेत्र में पहली बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक मकान मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दरअसल यहां दिगर प्रांत के 4 लोगों को किराए पर रखकर इसकी जानकारी पुलिस को नहीं थी। जिस पर यह कार्रवाई हुई है।

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिलेभर में किरायेदार एवं बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस सोशल मीडिया, जनजागरूकता अभियान और अन्य माध्यमों से लगातार लोगों को किरायेदारों की जानकारी संबंधित थाना या चौकी में देने की अपील कर रही है। वहीं कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा भी इस संबंध में आदेश जारी किए जा चुके हैं।इसके बावजूद बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम अमोदी निवासी अशोक साहू ने दूसरे राज्य के चार व्यक्तियों को बिना किरायानामा तैयार किए और बिना पुलिस को सूचना दिए अपने मकान में किराये पर रखा। किरायेदार सत्यापन अभियान के दौरान थाना प्रभारी दिलीप सिंह की टीम ने मामले का खुलासा किया। जांच में आदेशों की अवहेलना पाए जाने पर पुलिस ने अशोक साहू के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई जिले के सभी मकान मालिकों के लिए चेतावनी है कि वे नियमों का पालन करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई से नहीं बच पाएंगे।



किराएदार से जानकारी लेते पुलिसकर्मी

### कलेक्टर ने भी जारी किया है आदेश

जिले में किराएदारों की सूची एवं पूरी जानकारी पुलिस को देने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने भी आदेश दिए है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने इस संबंध में कहा है कि मकान मालिक किराएदारों की जानकारी संबंधित थाना में अनिवार्य रूप से दर्ज कराए। थाना में किराएदारों की जानकारी नहीं मिलने पर संबंधित मकान मालिक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### क्या करें मकान मालिक

किरायेदार का किरायानामा अनिवार्य रूप से तैयार करें। पहचान पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज की प्रति रखें।किरायेदार की पूरी जानकारी संबंधित थाना या चौकी में जमा कराएं। नए किरायेदार के आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। नियमों की अनदेखी करने पर एफआईआर और कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

### पुलिस की अपील

जांजगीर-चांपा पुलिस ने सभी मकान मालिकों से कहा है कि वे अपने यहां रहने वाले प्रत्येक किरायेदार, मजदूर अथवा बाहरी व्यक्ति की जानकारी तत्काल संबंधित थाना या चौकी में उपलब्ध कराएं। किरायेदार की सूचना छिपाने या निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि किरायेदार सत्यापन अभियान का उद्देश्य जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना है। पुलिस ने मकान मालिकों को किराए दारों की जानकारी संबंधित थाना व चौकी में देना अनिवार्य कर दिया है। नहीं देने पर कार्रवाई की जाएगी।

### जरूरी है जानकारी देना

मकान मालिकों को किराएदारों की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है। जानकारी नहीं देने पर नियमों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

**-विजय कुमार पाण्डेय,**
एसपी, जांजगीर चांपा

# एकल शिक्षकीय शाला के शिक्षक गए छुट्टी पर, पड़ोस वाले गुरूजी के भरोसे

### सक्ती जिले के इग्नाइट इंग्लिश मीडियम स्कूल में क्लास लेंगे हिन्दी माध्यम वाले शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा स्थित इग्नाइट प्राइमरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में एकल शिक्षक के 15 दिनों के मेडिकल अवकाश पर चले जाने से शैक्षणिक व्यवस्था संकट में आ गई है। लंबे समय से संबद्ध (अटैचमेंट) पर कार्य कर रहे शिक्षक अंशु जायसवाल को हाल ही में कार्यमुक्त कर उनकी मूल पदस्थापना वाले इग्नाइट स्कूल भेजा गया था। लेकिन मूल शाला में उपस्थिति दर्ज कराने के तुरंत बाद उन्होंने 15 दिन का मेडिकल अवकाश ले लिया।

इसके चलते स्कूल में अध्यापन कार्य लगभग ठप होने की स्थिति बन गई, क्योंकि वहां कोई अन्य शिक्षक पदस्थ नहीं है। छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) ने तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए पास के हिंदी माध्यम प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को इग्नाइट स्कूल की देखरेख और पठन-पाठन की जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि इससे हिंदी माध्यम स्कूल के शिक्षकों पर भी अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया है। शासकीय प्राथमिक शाला मालखरौदा के प्रधान पाठक रामकुमार लहरे ने बताया कि बीईओ के निर्देश पर वे इग्नाइट स्कूल के बच्चों की देखरेख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके विद्यालय में पहले से दो शिक्षक दस कक्षाओं की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, ऐसे में अतिरिक्त दायित्व निभाना चुनौतीपूर्ण है। इधर, अभिभावक चंदन दास मानिकपुरी ने कहा कि शिक्षकों के बार-बार अटैचमेंट और अचानक अवकाश पर चले जाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। उन्होंने शिक्षा विभाग से मांग की है कि इग्नाइट स्कूल में जल्द स्थायी शिक्षक की नियुक्ति की जाए ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई नियमित रूप से संचालित हो सके।



शासकीय प्राथमिक शाला मालखरौदा।

### व्यवस्था पर उठे सवाल

इग्नाइट स्कूल की यह स्थिति एक बार फिर सरकारी स्कूलों में एकल शिक्षक व्यवस्था की समस्या को उजागर कर रही है। एक शिक्षक के अवकाश पर जाने से पूरा स्कूल वैकल्पिक व्यवस्था के भरोसे चलने को मजबूर हो गया है। शिक्षा विभाग की अस्थायी व्यवस्था से फिलहाल संचालन तो संभव हो गया है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं मिलने तक बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।

### सौपी गई जिम्मेदारी

मेडिकल अवकाश के लिए आवेदन दिए थे। एक महीना तक उनका वेतन रूका रहेगा। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए पास के स्कूल के शिक्षकों को सारी जिम्मेदारी सौंपा गया है।

**-मोहनलाल प्रधान,**
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
मालखरौदा

### मिले है निर्देश

शासकीय प्राथमिक शाला इगनाइट स्कूल के बच्चों को देखरेख करने के लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कहा है। ऐसे में हम दो शिक्षक 10 कक्षाओं को देख रहे हैं।

**-रामकुमार लहरे,**
प्रधान पाठक
इग्नाइट शाप्राशाला मालखरौदा





लोकप्रिय, युवा, यशस्वी, सबके चहेते आदरणीय
भैया
25 जुलाई
सौरभ सिंह जी
अध्यक्ष- छ.ग. खनिज विकास निगम (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त)
को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई
मा. श्री सौरभ सिंह जी
अध्यक्ष- छ.ग. खनिज विकास निगम
समीर शुक्ला
जिला उपाध्यक्ष-भाजपा
जाँजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
पवन यादव
अध्यक्ष- भाजपा ग्रामीण मंडल अकलतरा
सुबोध थवाईत
महामंत्री- भाजपा ग्रामीण मंडल अकलतरा
जितेन्द्र कौशिक
महामंत्री
महादेव नेताम
सभापति- जि.पं. जाँजगीर-चाम्पा
प्रेमसागर कश्यप
प्रभारी शक्ति केन्द्र परसाही
राकेश शुक्ला
प्रभारी शक्ति केन्द्र हादी
प्रभा सिंह
अध्यक्ष- महिला मोर्चा ग्रामीण मंडल अकलतरा
गोमती कंवर
सभापति- जनपद पं. अकलतरा
रोहित पाटले
मंडल अध्यक्ष-अनुसूचित जाति मोर्चा
रवि निर्मलकर
पिछड़ा वर्ग मोर्चा
नरसिंह बरगाह
मंडल अध्यक्ष-किसान मोर्चा
लुकेश साहू
मंडल अध्यक्ष-युवा मोर्चा ग्रामीण

## खबर संक्षेप

### नगरवासियों की मांग पर शासकीय भवन में शिफ्ट हुआ शराब दुकान



**डभरा।** नगर स्थित शासकीय शराब दुकान जो कि पूर्व में निजी दुकान पर संचालित था जिसे वार्डवासियों की मांग पर नगर पंचायत की शासकीय भवन में शिफ्ट किया गया है। विदित हो कि नगर पंचायत डभरा में शासकीय देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान वार्ड नंबर एक पर पिछले कई वर्षों से संचालित था जो कि एक निजी भवन पर संचालित हो रहा था, जब से लेकर वार्डवासियों के द्वारा शराब दुकान को अन्यत्र स्थान पर ले जाने की मांग कर रहे थे लेकिन किसी कारण से शराब दुकान अन्यत्र स्थान पर नहीं जा पा रहा था, लेकिन वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष दीपक साहू एवं उपाध्यक्ष लीलांबर सिंह जगत के अथक प्रयास से 21 जुलाई को आबकारी विभाग की उपस्थिति में शासकीय देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान को वार्ड नंबर एक से हटाकर नगर के बाहर चंद्रपुर रोड पर स्थित नगर पंचायत के शासकीय भवन में शिफ्ट किया गया है। गौरतलब हो कि शासकीय शराब दुकान से प्रति माह भारी भरकम राशि किराए के रूप आबकारी विभाग द्वारा दिया जाता है जो कि अब उक्त किराए की राशि नगर पंचायत को प्राप्त होगा जिससे नगर पंचायत को स्थायी रूप से एक आय का साधन प्राप्त होगा। दूसरी तरफ पहले जहां शराब दुकान थी वहां पर सैकड़ों पारिवारिक मकान है जिससे वहां के रहवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिससे उन्हें निजात मिल गया।

### कांग्रेसियों ने छात्रों पर लाठी चार्ज एवं कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में किया प्रदर्शन



**हसौद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों एवं युवाओं पर हुए लाठीचार्ज तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के विरोध में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि देश का लोकतंत्र जनता की आवाज़ से चलता है,लाठी और दमन से नहीं। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। प्रदेश कांग्रेस सचिव सुरेंद्र भार्गव ने अपने संबोधन में कहा लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन और विपक्ष की आवाज़ को दबाने का प्रयास बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रही है और आगे भी जनता के हितों की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ती रहेगी। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप ने कहा, छात्रों और युवाओं पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज पूरे देश के युवाओं का अपमान है। जब तक लोकतंत्र,संविधान और छात्रों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित नहीं होती,तब तक कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेताओं ने लोकतंत्र, संविधान और छात्र हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर उर्दू अकादमी के पूर्व सदस्य गुलाबुद्दीन खान, बम्हनीडीह ब्लाक अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा, मधुसुदन साहू, विजय चन्द्रा, दुजराम साहू लखन चन्द्रा,ओमप्रकाश बर्मन,प्यारे साहू, हरिलाल खटर्जी,रमेश कश्यप,गणेश माझी, दिलीप कश्यप,सतिश महेश मोहन धीरहे,संजय कोसले, दिलेश्वर चन्द्रा,आनन्द नायक,गेसकुमार जाटवर, जगदीश निराला, लाला मित्तल,सुखराम जायसवाल, प्रकाश कश्यप, बसंत कश्यप,देव यादव, सरिता बंजारे,निखिल कश्यप,राहूल सास्वत,अनुज बंजारे,इकबाल खान,विनोद, रामकिशन घृतलहरे,सहित बड़ी संख्या लोग उपस्थित थे।

महिलाओं एवं बच्चों ने आरती-पूजन कर भगवान का किया दर्शन, श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक मनाया गया बिदा दशमी का पर्व

# मौसी के घर से अपने धाम पहुंचे भगवान जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में बिदा दशमी का पावन पर्व श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। जनकपुरी में भगवान श्री जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र की पूजा -अर्चना की गई। तदुपरान्त उन्हें रथ पर आरूढ़ करके भजन -कीर्तन के साथ जनकपुरी से मेला ग्राउंड, हनुमान मंदिर, मध्य नगरी चौक, होते हुए मठ मंदिर तक लाया गया। भगवान श्री जगन्नाथ की नगर वासियों ने जगह-जगह पर श्रद्धा भक्ति पूर्वक पूजा अर्चना करके अपना जीवन सफल बनाया।

इस संदर्भ में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने अपने संदेश में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की सबसे प्राचीनतम धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में बिदा दशमी का पर्व प्रत्येक वर्ष आषाढ़ शुक्ल दशमी को मनाया जाता है, इस दिन भगवान श्री जगन्नाथ जी अपने मौसी के घर से बिदा होकर अपने निवास स्थान पर विराजते हैं, इसलिए इसे स्थानीय लोग बिदा दशमी के नाम से जानते हैं, उड़ीसा में इसे पाहुड़ा महोत्सव के रूप में विशेष रूप से मनाया जाता है। यह रथ यात्रा की वापसी का त्यौहार है। उन्होंने संपूर्ण देशवासियों के लिए जगत नियंता भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी से मंगल कामनाएं की। भगवान की रथ यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई नगर की माताएं अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ आरती, फुल माला, नारियल, तुलसी पत्ती, फल, मिष्ठान आदि पूजन सामग्री के साथ भगवान के दर्शन के लिए प्रतीक्षा करते हुए नजर आ रही थीं। रथ यात्रा में भगवान भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा जैसे ही जनकपुरी से रवाना हुई एक गौ माता बार-बार इस यात्रा में भजन -कीर्तन करने वालों के साथ खड़ी हो जाती थी जो दर्शनार्थियों के लिए कौतूहल का विषय था। रथ यात्रा में



रथ में सवार भगवान जगन्नाथ के साथ महामंडलेश्वर राजेश्री महंत।

विशेष रूप से त्यागी महाराज, सुखराम दास, हेमंत दुबे, शरद पांडे, भूपेंद्र पांडे, सीताराम शर्मा, राधेश्याम शर्मा, प्रतीक शुक्ला, ओम प्रकाश शर्मा, बसंत देवांगन, कोमल पटेल, पुरेंद्र सोनी, टुकराम वर्मा, गोपाल कैवर्त, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक गण सम्मिलित हुए।

### धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा, मौसी के घर विश्राम कर मंदिर पहुंचे भगवान जगन्नाथ

**चांपा।** आषाढ़ शुक्ल पक्ष की दशमीं को बहुड़ा यात्रा के माध्यम से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की घर यानि मंदिर वापसी हुई। बहुड़ा यात्रा के मार्ग में लोगों ने भगवान के दर्शन कर उन्हें गजमूंग, मालमुए एवं नारियल का प्रसाद अर्पित किया। इस हेतु मोदी चौक से लेकर सदर बाजार तक जगह जगह मालपुए की दुकानें लगी। ज्ञात हो कि आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई थी। इसके बाद नगर में दो जगहों से निकाली गई यात्रा के बाद नौ दिनों तक मौसी के घर में विश्राम पश्चात शुक्रवार को बहुड़ा यात्रा के माध्यम से भगवान की मंदिर में वापसी हुई।



### सकर्रा में गांव भ्रमण कर निकाली गई रथयात्रा

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सकर्रा में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले पारंपरिक और भक्तिमय जगन्नाथ उत्सव के तहत बीते दिन प्रभु जगन्नाथ की घर वापसी (बहुड़ा यात्रा) का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। भगवान जगन्नाथ मोहनलाल कौशिक के घर से विदा होकर शाम 6 बजे अपने अगले पड़ाव खेमचंद कौशिक के निवास स्थान पर सकुशल पहुंचे। भगवान जगन्नाथ की सुखद घर वापसी के पावन अवसर पर शाम 6 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक एक भव्य रथयात्रा निकाली गई। सुसज्जित रथ में सवार होकर प्रभु ने पूरे 3 घंटे तक गांव का भ्रमण किया और श्रद्धालुओं को दर्शन दिए। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जय जगन्नाथ के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। गांव के प्रत्येक चौराहे और गलियों में ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों के सामने आरती उतारी और रथ पर पुष्प वर्षा कर भगवान का भावुक स्वागत किया। इस विशेष अवसर पर गांव में मेले का भी आयोजन किया गया। मेले में बच्चों के लिए झूले, खिलौने तथा स्वादिष्ट व्यंजनों और मिठाइयों की कई दुकानें सजाई गई थीं। आस-पास के क्षेत्रों से भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुँचकर भगवान के दर्शन किए, रथ खींचकर पुण्य लाभ कमाया और मेले का आनंद उठाया। रात्रि 9 बजे रथयात्रा खेमचंद कौशिक के घर पहुंची, जहां मुख्य यजमान परिवार द्वारा प्रभु का पारंपरिक विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत विशेष आरती का आयोजन कर सभी भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।



## भारी वाहनों के आवागमन से नहर क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम पंचायत बिर्रा के किसानों ने नहर मार्ग पर भारी वाहनों के लगातार आवागमन से नहर से लगी सड़क को काफी नुकसान हो रहा है जिससे आने वाले समय में किसानों को काफी नुकसान होने की चिंता सता रही है। इसे देखते हुए किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग बिर्रा को शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने अपने आवेदन में बताया है कि बिर्रा के बोरसी खार क्षेत्र की ओर संचालित प्लांट के भारी वाहन सिंचाई नहर के किनारे बने मार्ग से लगातार गुजर रहे हैं। भारी वाहनों के दबाव के कारण नहर की पटरी एवं मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इससे किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह नहर क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख साधन है। यदि भारी वाहनों का संचालन इसी तरह जारी रहा तो नहर की संरचना को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है, जिससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने के साथ किसानों की खेती-किसानी पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि बोरसी खार साइड



क्षतिग्रस्त नहर।

जाने वाले प्लांट के भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए तथा नहर मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई जाए। साथ ही नहर एवं क्षतिग्रस्त मार्ग की जांच कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराने की भी मांग की गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत बिर्रा के अनेक किसानों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन प्रस्तुत कर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

## निकली भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा रथ यात्रा, श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

**जांजगीर-चांपा।** जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना में शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ की बाहुड़ा रथ यात्रा श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। पूरे गांव में भक्ति का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के जयघोष और हरिनाम संकीर्तन के बीच भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के रथ को खींचकर पूरे गांव का भ्रमण कराया।

बाहुड़ा यात्रा का शुभारंभ ग्राम सरपंच अजय साहू के निवास से विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाओं को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर गणेश मोहल्ला से यात्रा निकाली गई। यह रथ यात्रा गणेश मोहल्ला, महावीर मोहल्ला, मिलन चौक, राम मंडली चौक, भाठापारा, संतोषी चौक, शेरा चौक, अंबेडकर चौक और शांति मोहल्ला से होते हुए चंडी एवं गायत्री मंदिर परिसर पहुंची।गायत्री मंदिर परिसर में भगवान की



प्रतिमाओं का विधिवत पूजन-अर्चन कर पुनः स्थापना की गई। यात्रा मार्ग में गांव की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने श्रीफल, अक्षत (चावल) और पुष्प अर्पित कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु हरि कीर्तन, भजन और जयघोष करते हुए रथ को खींचते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बाहुड़ा रथ यात्रा में पुजारी रुद्रेश दूबे, ग्राम सरपंच अजय साहू अपने परिवार सहित, गायत्री परिवार के सदस्य गयाराम यादव, सुरेश यादव, वेदराम साहू, कन्हैया श्रीवास, रामकृष्ण साहू, बादल साहू, जोगीराम साहू, धीरसाय धीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने भगवान जगन्नाथ की आराधना कर गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच भगवान श्रीजगन्नाथ का खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। बाहुड़ा रथ यात्रा के सफल आयोजन से पूरे गांव में उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला।

## 35 लाख की लागत से निर्मित केंवट समाज के नए भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

केवट निषाद समाज केंद्रीय समिति शिवरीनारायण द्वारा 35 लाख रुपए की लागत से निर्मित नए भवन का शुभारंभ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश एवं नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत सम्मिलित हुए। अतिथियों ने फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया।

ज्ञात हो कि केवट निषाद समाज केंद्रीय समिति शिवरीनारायण का मुख्य कार्यालय श्री राम-जानकी चौबीस अवतार भगवान श्री केवट मंदिर परिसर में स्थित है। समाज की मांग पर भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 25 लाख रुपये की घोषणा की गई थी। समाज के सहयोग से अतिरिक्त राशि जोड़कर कुल 35 लाख रुपये की लागत से भव्य भवन का निर्माण कराया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी समाजसेवी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक से माघीमेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती आवागमन को देखते हुए स्टोर रूम, सुलभ शौचालय,रसोईघर एवं अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु लगभग 20



लाख रुपये की मांग की गई। इस पर पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश ने बजट उपलब्ध होने पर मांग पूरी करने का आश्वासन दिया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत से रामघाट स्थित भगवान श्रीरामचंद्र एवं श्री गुहा निषाद राज की मित्रता को दर्शाने वाली सुंदर प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई। इस पर उन्होंने सहर्ष सहमति प्रदान करते हुए कहा कि नगर पंचायत शिवरीनारायण द्वारा शीघ्र ही यह कार्य कराया जाएगा। कार्यक्रम में समाज की ओर से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के कोषाध्यक्ष डॉ. सनत केवट, सर्वराकार खोलबहरा केवट,संरक्षक बहरता राम केवट,उपाध्यक्ष धनेश केवट,विधायक प्रतिनिधि नीरज खूंटे,एवं शिवशंकर सोनी,पार्षद ओम प्रकाश साहू ,सुधांशु तिवारी, चेतन सोनी,सत्येंद्र केवट,प्रकाश सोनी,ललित कश्यप,नेहा हरि के.वा. विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मंच संचालन महासचिव रमेश चंद्र केवट ने किया तथा आभार प्रदर्शन केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के अध्यक्ष द्वारा किया गया। वही नगर से डॉ. मनहरण केवट,उग्रेश्वर गोपाल केवट,अजय केवट,जितेंद्र केवट,श्रीमती चन्द्राणी केवट सहित 9 जिलों से आए अनेक सामाजिक पदाधिकारी एवं स्वजातीयजन उपस्थित रहे।

## चैतन्य कॉलेज के विशेष संवाद आज शामिल होंगे अभिनेता मन कुरैशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चैतन्य कॉलेज पामगढ़ में शनिवार को विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता मन कुरैशी शामिल होंगे। वे अपने संघर्ष, परिश्रम, आत्मविश्वास, करियर की शुरुआत यात्रा के अनुभव साझा करेंगे।



छत्तीसगढ़ी सिनेमा के अभिनेता मन कुरैशी शनिवार 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे चैतन्य कॉलेज, पामगढ़ में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ एक विशेष संवाद सत्र में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे अपने संघर्ष, परिश्रम, आत्मविश्वास, करियर की शुरुआत तथा फिल्मी यात्रा के अनुभव साझा करेंगे। हंस झन पगली फंस जबे, बी.ए. फाइनल ईयर, मोर छैंहा भुंइया पार्ट-2, सुकवा और मुरली जैसी सुपरहिट फिल्मों से अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले मन कुरैशी विद्यार्थियों को सफलता, अनुशासन, सकारात्मक दृष्टिकोण और लक्ष्य-प्राप्ति के लिए प्रेरित करेंगे। यह कार्यक्रम मनोरंजन के साथ-साथ मार्गदर्शन का भी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। छात्र-छात्राएं उनसे प्रश्न पूछ सकेंगे तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए उपयोगी सीख प्राप्त कर सकेंगे। कॉलेज परिवार ने अभिभावकों और शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने अपील की है।

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

छत्तीसगढ़ शासन में VTP पंजीयन क्रमांक 223793647P003
प्रवेश प्रारंभ
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
विगत 10 वर्षों से संचालित जॉजगीर चांपा जिले का एकमात्र संस्था
(NSDC/SDMS C.N. 69240)
नि-शुल्क पाठ्यक्रम (Free Courses): जनरल ड्यूटी असिस्टेंट होम हेल्थ एड
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम / योग्यता 10वीं एवं 12वीं / हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब मे कार्यरत विद्यार्थियों के लिए पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
कोर्सेस
DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
OT - टेक्नीशियन
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियनअसिस्टेंट
X-RAY टेक्नीशियन
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
पताः रजनीश बुक डिपो के सामने, तिवारी कॉम्प्लेक्स, केरा रोड जॉजगीर मो. 8770638375, 9399743304

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### थाना परिसर में पौधरोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प



**बाराद्वार।** लोगों को पौधरोपण के प्रति जागरुक करने एवं पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर रखते हुए बाराद्वार थाना परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। पौधरोपण के बाद जनप्रतनिधियों एवं पुलिस अधिकारियों ने पौधों को देखाभाल करने का संकल्प लिया। भारत के लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 24 जुलाई को थाना बाराद्वार परिसर में एकता पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सक्ती प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से थाना परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण का निर्माण तथा जनसामान्य में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जीतेश शर्मा, पार्षद अजय सिंह ठाकुर, पत्रकार पंकज अग्रवाल, थाना बाराद्वार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण कम करने तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सभी नागरिकों से भी अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम का समापन पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण के संकल्प के साथ किया गया।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाने तैयारी संबंधी बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व आगामी शुक्रवार 4 सितंबर को जिला मुख्यालय जांजगीर में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी हेतु आवश्यक बैठक शनिवार 25 जुलाई को ज्ञानोदय विद्यालय जांजगीर में सायंकाल 4 बजे से आहूत की गई है। बैठक में श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति एवं यादव समाज ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण जनचौपाल में शामिल होंगे एसपी

**जांजगीर-चांपा।** जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना में शनिवार 25 जुलाई को पुलिस प्रशासन द्वारा जनसुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी नवागढ़ रमाकांत पाण्डेय तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे।यह बैठक दोपहर 1:30 बजे भाठापारा स्थित साहू समाज भवन में आयोजित होगी। ग्राम पंचायत की ओर से सभी ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गांव की समस्याओं और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर अपनी राय रखने की अपील की गई है। बैठक में गांव में महिला कमांडो (महिला सुरक्षा दल) के गठन, बढ़ते अपराधों पर प्रभावी रोक, गांव में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था, तथा अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा ग्रामीणों की अन्य कानून-व्यवस्था संबंधी समस्याओं और सुझावों पर भी पुलिस प्रशासन विचार करेगा।ग्रामवासियों का मानना है कि पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में होने वाली यह बैठक गांव में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा अपराध और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। ग्राम पंचायत ने सभी ग्रामीणों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### देवशयानी एकादशी आज, चार माह तक शुभ कार्य रहेंगे वर्जित

**जांजगीर-चांपा।** आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को शयनी, देवशयनी हरि शयनी, एकादशी भी कहते है। यह पुन्यपुंज देने वाली भगवान श्री हरि को संतुष्ट करने वाली सर्वपापनासक, आरोग्यवर्धक, दोषों को हरने वाली गुणों को भरने वाली तथा स्वर्ग और मौक्ष प्रदान करने वाली हरि शयनी एकादशी व्रत है। इस व्रत को रखने से तीनो सनातन देवताओं ब्रम्हा, विष्णु, महेश , की पुजा का फल मिल जाता है। पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की हरिशयनी एकादशी 25 जुलाई शनिवार से प्रबोधनी एकादशी 21 नवम्बर शनिवार तक चातुर्मास होगा। इस चातुर्मास समय में भगवान विष्णु जी का एक रुप राजा बली के पास रहता है दुसरारुप शेषशैया पर तबतक शयन करता है जबतक कार्तिक एकादशी नहीं आ जाती है। इन दिनों में किया हुआ जप, तप, संयम, दान, उपवास, मौन, विशेष पुन्यदाई फलदायक होता है। मनुष्य को इस एकादशी व्रत के अनुष्ठान को यत्नपूर्वक करना चाहिऐ जिससे परम गति की प्राप्ति मिले । इस एकादशी से कार्तिक एकादशी तक भगवान क्षीर सागर में योगनिद्रा में शयन करते है। चार्तुमास समय काल में विवाह, ग्रह प्रवेश, शुभकार्य करना निषेध रहता है। इस चातुमास काल में सावनमास में साग, भादों मास में दही, आश्विन मास में दुध, कार्तिकमास में दाल व करेला का त्याग कर सेवन करने से बचना चाहिऐ । 25 जुलाई को रात 8 बजकर 10 मिनट तक एकादशी रहेगा। व्रत पारण करने का समय 26 जुलाई सुबह 5 बजकर 39 मिनट से 8 बजकर 22 मिनट तक है।

सीएम हेल्पलाइन में धीमे निराकरण करने वाले विभागों के प्रति संभागायुक्त ने जताई नाराजगी

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों का समय-सीमा में करें निराकरणः जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते संभाग आयुक्त सुनील जैन, साथ में कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं अन्य अधिकारी।

बिलासपुर संभागायुक्त सुनील जैन ने शुक्रवार 24 जुलाई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में संभागायुक्त श्री जैन ने अधिकारियों को शासन की योजनाओं की क्रियान्वयन एवं जनहित के कार्यों में पूर्ण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में संभागायुक्त श्री जैन ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की समीक्षा करते हुए प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने धीमी प्रगति वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित नहीं रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यालयीन कार्यों को ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से संचालित करने तथा राजस्व न्यायालय के सभी प्रकरणों को ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑटो डायवर्सन, अविवादित नामांतरण, भू-अर्जन, मुआवजा सहित विभिन्न लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एग्रीस्टैक एवं फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष पात्र किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में कुपोषण की स्थिति की जानकारी ली तथा कुपोषण स्तर में कमी लाने के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल उपलब्ध कराने तथा जिन केंद्रों में पानी की टंकी नहीं है, उनके प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ई-अटेंडेंस का शत-प्रतिशत उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपार आईडी, पीएम श्री स्कूल एवं बाल वाटिका के प्रभावी संचालन, कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी तथा परीक्षा परिणामों के आधार पर विद्यालयों का श्रेणीवार विश्लेषण कर कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। बैठक में संभागायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं विकसित भारत जी राम जी योजना की प्रगति की समीक्षा की तथा अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने तथा निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लखपति दीदी योजना के तहत स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन के शेष कार्यों में तेजी लाने तथा सभी पेयजल स्त्रोतों का नियमित क्लोरीनीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने आयुष्मान भारत कार्ड एवं वय वंदना कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने नगरीय निकायों की समीक्षा करते हुए अमृत योजना, जल आवर्धन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति बढ़ाने तथा लो-वोल्टेज प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत शत-प्रतिशत पात्र किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने, खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा किसानों को फसल चक्र अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे, डीएफओ हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, अपर कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कमिश्नर ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण



संभागायुक्त सुनील जैन ने ग्राम कुटरा स्थित निर्माणाधीन शासकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन, ऑडिटोरियम, छात्रावास, पहुंच मार्ग सहित विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्यों में सामग्री एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपयोग करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री जैन ने सीजीएमएससी के नोडल अधिकारियों से मेडिकल कॉलेज परियोजना की प्रगति, विभिन्न भवनों के निर्माण तथा अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। संभागायुक्त श्री जैन ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए परियोजना के पूर्ण होने की समय-सीमा की जानकारी ली तथा संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में सभी तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संभागायुक्ती सुनील जैन ने पीपल तथा कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आम का पौधरोपण किय इस अवसर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोबाइल पर दोस्ती कर प्यार के जाल में फंसाकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



मोबाइल पर बातचीत के माध्यम से महिला को दोस्ती और प्रेम के झांसे में फंसाकर उसके साथ अनाचार करने तथा आपत्तिजनक वीडियो बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने थाना चांपा में शिकायत दर्ज कराई थी कि कृष्ण राई ने मोबाइल पर बातचीत के जरिए उससे दोस्ती की और प्रेम संबंध का झांसा देकर विश्वास में लिया। इसके बाद आरोपी उसे सुनसान स्थान पर ले गया, जहां उसके साथ अनाचार किया तथा आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। पीड़िता की शिकायत पर थाना चांपा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कृष्ण राई उम्र 52 वर्ष निवासी सीएसईबी कॉलोनी, चांपा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोप स्वीकार किए जाने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक वैष्णव, उप निरीक्षक सत्यम चौहान, आरक्षक गौरीशंकर राय, ईश्वरी राठौर, मुद्रिका दुबे एवं थाना चांपा पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## बाबूजी ने गांव, गरीब एवं किसानों के लिए किया काम : डॉ. महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ स्व. बिसाहूदास महंत की 48वीं पुण्य तिथि पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि



कार्यक्रम में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, विधायक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता।

अंचल के जन नेता बिसाहू दास महन्त की 48वीं पुण्यतिथि जिले में परंपरानुसार मनाई गई। इस मौके पर जिलेभर से पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्व. बिसाहूदास महंत उद्यान में श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण ने कहा कि बाबुजी गांव गरीब किसान के लिए काम किया। कोरबा लोकसभा के सासंद श्रीमती ज्योत्सना महन्त ने कहा कि आज जो विकसित छत्तीसगढ़ देख रहे हैं स्व बिसाहू दास महन्त के संघर्ष का परिणाम हैं। विधायक चंद्रपुर रामकुमार ने कहा बिसाहू दास महन्त ने स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में एक शिक्षक के रूप में भाग लेकर समाज में ज्ञान का प्रकाश दिया। एक नेता के रूप में अंचल को विकास की राह दिखाई। जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि आज हमारे किसान समृद्ध हैं तो इसका श्रेय स्व बिसाहू दास महन्त को हैं। नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि स्व. बिसाहू दास महन्त हमारी धरोहर है। जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गवेल ने कहा कि सन्त कबीर की वाणी को जन जन तक पहुचाया एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दी। कार्यक्रम को युवा नेता सूरज महन्त ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नोवल वर्मा, जिला प्रतिनिधि गुलज़ार सिंह, जिला पंचायत सदस्य सरोज डडसेना, जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा खूंटे, जनपद पंचायत सक्ती की अध्यक्ष नीतू ॠषि राय, नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष अड़भार कृष्णा रात्रे, पूर्व जिलाध्यक्ष दादु जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल, नरेश गेवाडीन, रीना गेवाडीन, जिला महामंत्री गिरधर जायसवाल, पिन्टू ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि न नगर कॉग्रेस अध्यक्ष राकेश राठौर, ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष राम प्यारे सिदार, रविंद्र शर्मा, आनंद अग्रवाल, उगेन्द अग्रवाल, विजया जायसवाल, पवन साहू, जागेश्वर सिंह राज, अमित राठौर, महबूब खान, राजीव जायसवाल, रोहित यादव, मनोज जायसवाल, साधेश्वर गवेल, सत्यप्रकाश महन्त, विशाल जांगड़े, पीयूष राय, सचिव पटेल, कला सन्डे, गीता देवांगन, अलका जायसवाल, दिगम्बर चौबे, श्याम सोनी, लाल सोनी, रामसजीवन देवांगन, सुरेश देवांगन, हेमू सोनी, रूपनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में आमलोगों की उपस्थिति रहे।

## साहू संघ के व्यापार प्रकोष्ठ में विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




गठन के अवसर पर उपस्थित समाज के लोग।

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू के अनुशंसा पर व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश संयोजक राजकुमार साहू द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों का नियुक्ति किया गया, जिसमें संदीप साहू जमनीपाली कोरबा, हिमांचल साहू रायपुर, धर्मप्रकाश साहू, महेश्वर साहू कवर्धा, बीरबल साहू बलौदाबाजार, लोकराम साहू मुंगेली, मोतीलाल साहू बेमेतरा, श्रीराम साहू सूरजपुर, शिव कुमार साहू बिलासपुर को सहसंयोजक नियुक्त किया गया।

वहीं अनुप साहू रायपुर को महामंत्री नियुक्तकिया गया। साथ ही डायमण्ड साहू बलौदा बाजार को संगठन सचिव, रामकुमार साहू जांजगीर-चाम्पा को संगठन सचिव, संतोष साहू भिलाई को संगठन सचिव, गौरव साहू रायपुर संगठन सचिव, रवि साहू मोहगांव (सक्ती) को संगठन सचिव, चैतन्य साहू बोरदा (सक्ती) को संगठन सचिव, नरेश साहू कोरिया को संयुक्त सचिव, मुनेश साहू रायगढ़ को संयुक्त सचिव रामगुलाल साहू गरियाबंद को संयुक्त सचिव, मोहन लाल साहू रायगढ़ संयुक्त सचिव, डॉ. नानकचंद साहू सरवानी को संयुक्त सचिव, गुलाबचंद साहू सारंगढ़ को संयुक्त सचिव, लखेन्द्र कुमार दीपक नारायणपुर को मीडिया प्रभारी, सीताराम सोनेबरा कांकेर को मीडिया प्रभारी, उपेन्द्र गुप्ता अम्बिकापुर को मीडिया प्रभारी, कुंज बिहारी साहू गरियाबंद मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया हैं।

### बहू से मारपीट करने वाली सास व दो ननद न्यायिक रिमांड पर

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के दौरान बहू के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने सास और उसकी दो बेटियों (ननदों) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम जावलपुर निवासी इंद्रानी अनंत ने थाना बलौदा में शिकायत दर्ज कराई कि 21 जून की सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने घर के आंगन में मौजूद थी। इसी दौरान उसकी सास सुमित्रा बाई अनंत ने मोबाइल चोरी की बात को लेकर उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसने इसका विरोध किया तो सास के साथ उसकी छोटी ननद अनिता बाई दिवाकर और बड़ी ननद सुनीता हरवंश भी वहां पहुंच गईं। शिकायत के अनुसार तीनों ने मिलकर उसे जान से मारने की धमकी दी और बाल पकड़कर हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के बाद पीड़िता ने थाना बलौदा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 118(2) एवं 3(5) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए बलौदा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में अनिता बाई दिवाकर (30 वर्ष), सुनीता हरवंश (32 वर्ष) और सुमित्रा बाई अनंत (60 वर्ष) शामिल हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा, सहायक उपनिरीक्षक सुनील टैगोर, आरक्षक रूखमणी निर्मलकर, चन्द्रप्रभा शांतेय तथा नारायण भानू का योगदान रहा।

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार महेन्द्र कुमार शर्मा निवासी इंडस्ट्रील एरिया उरला रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता/ बाबू लाल वगैरह द्वारा मुख्तियार आम शिवसागर सिन्हा, पिता श्री मोहन सिन्हा निवासी- स्ट्रीट नं. 1 वार्ड नंबर 42 सुभाष नगर दुर्ग (छ.ग.) वाले के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो वाके मौजा- कुरमा, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. खिसोरा, बलौदा जिला जांजगीर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर ग्राम पंचायत- कुरमा, प.हनं. 01, रा.नि.मं.-खिसोरा तह.- बलौदा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) खसरा क्रमशः 87/6, 62/5, 103/12, 104, 346/13, 365/7, 198, 153/1, 153/2, 153, 110/1, 87/8, 12/2, 106/4, 109/3, 28/7, 43/2, 28/3, 205, 87/1, 923/3, 103/2, 46/4, 346/10, 365/3, 56/3, 378/1, 28/10, 43/5, 98/8, 325/8, 325/9, 54/4, 64/1, 128/4, 310/2, 356, 86/3, 86/4, 112/2, 206, 97/2, 307, 308/2, 97/4, 264, 392, 331/3, 69/2, 197/6, 156/2, 201/9, 79/2, 303/2, 46/3, 49/1, 71/1, 28/3, 28/4, 29/2, 54/1, 87/2, 109/1, 40/2, 86/2, 32/3, 32/9, 35/2, 89/10, 90, 325, 329, 335/1, 56/2, 63/2, 65/1, 56/3, 57/3, 129, 132/1, 87/4, 92/1, 103/9, 365/5, 137, 138, 13/1d, 308/1, 71/5, 200/2, 73, 197/6, 46/9, 46/7, 156/3, 174/1, 53/2, 46/3, 46/2, 84/2, 132/2, 129/2, 65/3, 100/5, 118/3, 356/2, 358/3, 99/4, 118/2, 346/8, 356/3, 358/4, 1/9, 137/7, 135/5, 313, 336/7, 136/3, 89/11, 28/6, 29/10, 87/9, 109/2, 304/2, 304/3, 305/2, 349/2, 123, 126/4, 133/4, 133/5, 131/1, 309/6, 309/3, 57/2, 58/1, 59/6, 62, 111/1, 111/2, 108/1, 17/2, 18/3, 1/1, 46/1, 84/1, 4/1, 151/2, 249, 267/1, 272/4, 345/1, 346/1, 367/1, 368/2, 373/1, 374, 376/1, 376/3, 386/1, 388/1, 17/2, 18/2, 31/1, 120/4, 132/4, 129/4, 84/2, 71/3, 46/2, 65/2, 132/1, 153/9, 154/4, 153/10, 110/4, 54/11, 67/5, 86/9, 112/11, 204, 379/2, 77/2, 77/3, 65/2, 80, 86/7, 103/8, 212, 388, 57/6, 72/3, 211/4, 212/3, 379/3, 289/2, 46/1, 46/6, 84/1, 85/1, 120/4, 89/12, 46/3, 84/3, 79/4, 197/2, 99/1, 151/1, 151/2, 46/1, 89/2, 46/6, 84/1, 85/1, 206, 112/2, 86/13, 85/4, 207, 50/3, 153/7, 153/8, 156/5, 156/1, 208/1, 112/9, 112/10, 208/2, 99/6, 98/1, 100/1, 46/7, 84/4, 156/3, 156/4, 103/2, 87/1, 28/3, 54/1, 29/2, 28/3, 109/1, 28/4, 28/4, 87/2, 87/3, 87/4, 100/1, 46/7, 84/4, 156/3, 156/4, 103/2, 87/1, 28/3, 54/1, 29/2, 28/3, 109/1, 28/4, 28/4, 87/2, 87/3, 87/4 कुल रकबा 126 एकड़ भूमि क्रय हेतु मेरे पक्षकार द्वारा इकरारनामा का निष्पादन कर, अग्रीम राशि अदा कर दी गई हैं, केवल पंजीयन की कार्यवाही शेष हैं। उक्त सम्पत्ति पर जिस किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था बैंक, साहूकार शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, वित्ती, निकाय, आस-पास के भूमि धारक इत्यादि को उक्त संव्यवहार के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्तियाँ मय दस्तावेज के मेरे नीचे लिखे पते पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा तथा मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नही होगा ।

सो सूचना जानिए ।

दिनांक 24.07.2026
रायपुर (छ.ग.)

भवदीय
राज रजिन्दर सिंग (अधिवक्ता)
जिला व सत्र न्यायालय रायपुर छ.ग.
मो.न. 6266169720, 9926533317
पता - दुर्गा मंदिर के पीछे, तेलीबांधा, रविग्राम रायपुर छ.ग. 9827808212

## गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में रैनी डे का आयोजन

# रिमझिम फुहारों के बीच बच्चों ने प्रकृति के मनोहारी सौंदर्य का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



रैनी डे में उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाते बच्चे।

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में गुरुवार 23 जुलाई को नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए रैनी डे का रंगारंग एवं आनंदमय आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रंग-बिरंगे छाते, आकर्षक रेनकोट और मनमोहक मुस्कान से सजे नन्हे बच्चे मानो रंग-बिरंगी तितलियों की तरह विद्यालय परिसर में अपनी चंचलता बिखेर रहे थे।

रिमझिम फुहारों और सुहावने मौसम के बीच बच्चों ने प्रकृति के मनोहारी सौंदर्य का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को वर्षा ऋतु का महत्व, पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन तथा वर्षा के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी सरल एवं रोचक ढंग से दी। विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों, गीतों और सामुहिक क्रियाकलाप के माध्यम से बच्चों ने सीखने के साथ-साथ भरपूर आनंद लिए। प्राचार्य पुष्पेन्द्र कुमार राणा ने कहा कि रैनी डे जैसे रचनात्मक आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देते हैं। जब शिक्षा आनंदमय वातावरण में दी जाती है, तब उसका प्रभाव जीवनभर बना रहता है। हम प्रत्येक गतिविधि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर आयोजित करते हैं। बचपन प्रकृति के सबसे निकट होता है। ऐसे आयोजन बच्चों के मन में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और आनंद की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम आयोजन स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, श्रीमती चंचल अग्रवाल, श्री तनिष अग्रवाल, प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार राणा, प्रशासक विपिन गुप्ता ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए प्रसन्नता जाहिर की।

### नहाने के दौरान तालाब में डूबने से महिला की मौत

**जांजगीर-चांपा।** खोखरा गांव स्थित बूटरी तालाब में डूबने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर तालाब के अंदर से महिला का शव बरामद किया। मृतका की पहचान खीखन बाई राठौर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला करीब डेढ़ बजे नहाने के लिए तालाब गई थी, इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गई। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद महिला के शव को तालाब से बाहर निकाला। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई पूरी कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जीवेत शरदः शतम्
अकलतरा के माटी पुत्र
ओजस्वी जन नेता, युवा हृदय सम्राट
मिलनसार व्यक्तित्व के धनी
एवं लोकप्रिय
अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
मान. श्री सौरभ सिंह जी
को जन्म दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
समीर शुक्ला
जिला उपाध्यक्ष - भाजपा जांजगीर चांपा
मदन कश्यप
अध्यक्ष - सेवा सहकारी समिति अकलतरी




जीवेत शरदः शतम्
अकलतरा के माटी पुत्र
ओजस्वी जन नेता, युवा हृदय सम्राट
मिलनसार व्यक्तित्व के धनी
एवं लोकप्रिय
अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
मान. श्री सौरभ सिंह जी
को जन्म दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. सौरभ सिंह जी
अध्यक्ष- छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम एवं
पूर्व विधायक अकलतरा विधानसभा क्षेत्र
विशाल सिंह चौहान
देव सिंह अघरिया
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति पोंड़ी दलहा
मुरलीधर मिश्रा (दारा)
पार्षद वार्ड क्रमांक 6
नगर पालिका परिषद अकलतरा
भूपेंद्र गोस्वामी
रोशन सिंह




जीवेत शरदः शतम्
अकलतरा के माटी पुत्र
ओजस्वी जन नेता, युवा हृदय सम्राट
मिलनसार व्यक्तित्व के धनी
एवं लोकप्रिय
अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
मान. श्री सौरभ सिंह जी
को जन्म दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. सौरभ सिंह जी
अध्यक्ष- छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम एवं
पूर्व विधायक अकलतरा विधानसभा क्षेत्र
समीर शुक्ला
जिला उपाध्यक्ष
भाजपा जांजगीर चांपा
शेर खान
जिला उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जांजगीर चांपा
चंद्रसेन सिंह
शुभेच्छुः- सतगुरु मिनरल्स, लटिया रोड अकलतरा




जीवेत् शरदः शतम्...
अकलतरा के माटी पुत्र, ओजस्वी जन नेता, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी एवं
लोकप्रिय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
माननीय श्री सौरभ सिंह जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दीपक सिंघानिया
अध्यक्ष क्रशर उद्योग संघ अकलतरा
नारायण मित्तल
जुगल किशोर अग्रवाल
सुनील लिखमानिया
रविंद्र मुकीम
विजय कुमार अग्रवाल
अविनाश मोदी
मुकेश सिंघानिया
विनोद केडिया
विकास अग्रवाल
रूपेश जैन
गौरांग छापरिया
रवि शंकर अग्रवाल
विकास केडिया
मा. सौरभ सिंह जी
अध्यक्ष- छत्तीसगढ़ खनिज निगम
आनंद खेमका
गोलू मित्तल
अपूर्व पंचायती
अनुराग जैन
नीरज शर्मा
अंकित मोदी
आशीष झाझड़िया
रितेश अग्रवाल
चंदन गुप्ता
प्रांजल अग्रवाल
शुभेच्छु -समस्त सदस्य क्रशर उद्योग संघ अकलतरा।


जीवेत शरदः शतम
भैया
सौरभ सिंह जी
अध्यक्ष- छ.ग. खनिज विकास निगम
को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
ईश्वर खंडेलिया
डॉ. आशीष सिंह
विपुल केडिया (कान्हा)
सुमित सिंह चंदेल
समीर शुक्ला
राकेश शुक्ला
कुमार सिंह
विजय अग्रवाल
अभिषेक मुकीम
खिलेन्द्र सिंह (बंटी)
शुभेच्छु :- समस्त शुभचिंतक एवं कार्यकर्तागण, अकलतरा क्षेत्र